an>

Title: Need to connect Keonjhar in Odisha with Jamshedpur-Badampahar and Rupsa-Bangariposi railway lines.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर): महोदय, चक्रधरपुर रेलवे मंडल अंतर्गत जमशेदपुर से बादाम पहाड़ रेलवे लाइन को क्योंझर से जोड़ने एवं रुपसा से बंगारी पोसी ब्रॉडगेज रेलवे लाइन को क्योंझर के देवझहर तक जोड़ने के लिए अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण ये दोनों लाइनें घाटे में चल रही हैं। रेलवे बोर्ड ने इन रेलवे लाइनों को लाभदायक बनाने के लिए इसे वाणिज्यिक रूप से प्रयोग करने हेतु कोई प्रयास नहीं किए हैं, जबकि इन दोनों लाइनों को अगर क्योंझर जिले से जोड़ दिया जाए तो इसको लाभदायक बनाया जा सकता है। क्योझर से दोनों लाइनों को मिला देने से माल ढोने के लिए दूरी कम हो जाएगी और इन दोनों ब्राडगेज लाइनों का उपयोग अच्छे ढंग से हो पाएगा, जो वर्तमान समय में नहीं हो पा रहा है। दोनों लाइनों पर अरबों रुपया लगा हुआ है, उसका रिटर्न भी मिलना शुरू हो जाएगा।

अतः सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर गहराई से विचार किया जाए और रेलवे राजस्व की बढ़ोत्तरी के लिए इस प्रस्ताव की जांच करवाकर उपरोक्त रेलवे लाइन को शीघ्र जोड़ा जाए।